राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने 'बिहार बी॰एड॰ संयुक्त प्रवेश परीक्षा' (CET-B.ED-2020) की आयोजनगत तैयारियों की समीक्षा की

पटना, 16 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में वीडियो–कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बिहार बी॰एड॰ संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CET-B.ED-2020) की आयोजनगत तैयारियों की समीक्षा की। इस वर्चुअल समीक्षा–बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, परीक्षा के नोडल विश्वविद्यालय ल॰ना॰ मि॰ विश्वविद्यालय, दरभंगा के प्रभारी कुलपति प्रो॰ हनुमान प्रसाद पांडेय, राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विशेष पदाधिकारी (विश्वविद्यालय), श्री एम॰ पी॰ मिश्रा सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी संबंधित वरीय अधिकारीगण आदि शामिल थे।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री चौहान ने कहा कि 'बिहार बी॰एड॰ संयुक्त प्रवेश परीक्षा को कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं नियमित रूप से संचालित कराना सभी संबंधित विश्वविद्यालय–अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं परीक्षा–कार्य से जुड़े कर्मियों का परम दायित्व है। राज्यपाल ने कहा कि 'कोविड–19' के वातावरण में कोरोना से जुड़े प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करते हुए परीक्षा आयोजित होनी है। परीक्षा केन्द्रों पर सभी कक्षों, उपस्करों आदि को सेनेटाइज कराते हुए सोशल डिस्टेन्सिंग का पूरी तरह पालन किया जाना है। राज्यपाल ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों, वीक्षकों, परीक्षा–कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों को मास्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग अनिवार्यतः सुनिश्चित करना है।

राज्यपाल ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल जिसमें महिला पुलिस कर्मी भी शामिल हो, की प्रतिनियुक्ति होनी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर स्टैरिक दंडाधिकारी, पुलिस बल आदि को निर्धारित समय पर पहुँचना सुनिश्चित कराया जाये।

राज्यपाल ने कहा कि सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को जिलाधिकारियों की बैठक आयोजित करते हुए परीक्षागत तैयारियों की अपने स्तर पर भी अविलंब समीक्षा कर लेनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि जिन 10 शहरों में इस बार बी॰एड॰ की यह संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित होनी है, वहाँ छात्रों की भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात के समुचित प्रबंध करने आदि पर भी जिलाधिकारियों को ध्यान देना चाहिए ताकि कोविड–प्रोटोकॉल के भी पालन सुनिश्चित हो सकें।

आगे पृष्ठ...2 पर

बैठक में बोलते हुए राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने कहा कि ओ॰एम॰आर॰ शीट के जरिये 22 सितम्बर, 2020 को आयोजित हो रही इस परीक्षा का परिणाम इसी सितम्बर महीने की 30 तारीख तक नोडल विश्वविद्यालय –ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को प्रकाशित करना है, तत्पश्चात् काउन्सिलिंग आदि आयोजित करते हुए नामांकन कार्य सम्पन्न कराये जाने हैं। उन्होंने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों से अनुरोध किया है कि 22 सितम्बर, 2020 को 11:00 बजे से 01:00 बजे दिन तक आयोजित हो रही इस परीक्षा के दौरान शांति–व्यवस्था बनाये रखते हुए कदाचारमुक्त रूप में परीक्षा आयोजित करायी जानी चाहिए।

ज्ञातव्य है कि उक्त परीक्षा पटना में 84, मुजफ्फरपुर में 30, भागलपुर में 26, गया में 19, आरा में आरा में 17, पूर्णिया में 22, मधेपुरा में 24, छपरा में 10, दरभंगा में 36 एवं मुंगेर में 10 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हो रही है। इस तरह राज्य के कुल 278 परीक्षा केन्द्रों पर इस बार कुल 1,22,331 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

प्रत्येक परीक्षा–केन्द्र पर राज्य नोडल पदाधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षकों को प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया जा रहा है, जबकि जिला प्रशासन भी एक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति परीक्षा–केन्द्र पर करेगा। कुशल परीक्षा–संचालन के लिए जोनल समन्वयक, नोडल ऑफिसर प्रतिनिधि, पेट्रोलिंग दंडाधिकारी तथा विश्वविद्यालय शिक्षक–प्रेक्षक आदि की भी तैनाती की जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा–कार्य में परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों व पदाधिकारियों तथा वीक्षकों को छोड़कर अन्य सभी का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। परीक्षा केन्द्रों पर सभी परीक्षार्थियों से मास्क लगाकर आने तथा सेनेटाईजर की एक छोटी शीशी भी साथ लाने की अपेक्षा की गई है। परीक्षा केन्द्रों पर भी पर्याप्त मास्क एवं सेनेटाईजर रखने के निदेश दिये गये हैं। निदेश में यह भी कहा गया कि अगर उपकरण से जाँच में किसी परीक्षार्थी का टेम्परेचर निर्धारित से अधिक पाया जाता है तो उसकी भी परीक्षा, परीक्षा–केन्द्र पर अलग बिठाकर ली जानी चाहिए।

बैठक में परीक्षा के नोडल विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो॰ हनुमान प्रसाद पांडेय, नोडल पदाधिकारी प्रो॰ अजित कुमार, स्पेशल ऑफिसर श्री एम॰पी॰ मिश्रा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

....